**दिनांक 15.06.2026 को सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में औरंगाबाद जिलान्तर्गत मदनपुर प्रखंड में प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय भवन के निर्माण कार्य से प्राप्त निविदा के वित्तीय बीड पर विचार हेतु विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही :-**

उपस्थितिः-

| | | | |
|---|---|---|---|
| (i) | **श्री प्रणव कुमार,**<br>सचिव,<br>भवन निर्माण विभाग, पटना। | - | **अध्यक्ष** |
| (ii) | **श्री सुरेश प्रसाद प्रभाकर,**<br>अभियंता प्रमुख-सह-अपरआयुक्त-सह-विशेष सचिव<br>भवन निर्माण विभाग, पटना। | - | **सदस्य** |
| (iii) | **श्री मनोज कुमार सिंह,**<br>मुख्य अभियंता (दक्षिण),<br>भवन निर्माण विभाग, पटना। | - | **सदस्य** |
| (iv) | **श्री विकास कुमार पाण्डेय,**<br>आंतरिक वित्तीय सलाहकार,<br>भवन निर्माण, विभाग, पटना। | - | **सदस्य** |

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | - औरंगाबाद जिलान्तर्गत मदनपुर प्रखंड में प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय भवन के निर्माण कार्य। |
| 2 | प्रशासनिक स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग का | - ₹16,62,10,000/- (सचिव, ग्रामीण विकास विभाग का ज्ञापांक-3556556 दिनांक-10.01.2025) |
| 3 | तकनीकी स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग (विद्युत कार्य सहित) | - ₹12,66,76,079/- (मु0अभि0 (नि0) का पत्रांक-1092 (नि0) अनु0 दिनांक-12.07.2025) (असैनिक कार्य) एवं (मुख्य विद्युत अभियंता के पत्रांक-732(वि0) अनु0 दिनांक-01.07.2025) (विद्युत कार्य)। |
| 4 | परिमाण विपत्र की राशि | - ₹ 10,02,99,807/- (असैनिक कार्य),<br>₹2,22,56,089/- (विद्युत कार्य)। |
| 5 | निविदा की राशि | - ₹ 12,25,55,896/- |
| 6 | निविदा आमंत्रण सूचना सं0 एवं प्रसंग | - पी0आर0संख्या-21413(भ0) 25-26 दैनिक जागरण समाचार पत्र में दिनांक-05.01.2026 में प्रकाशित। |
| 7 | निविदा आमंत्रण की तिथि | - 05.01.2026 |
| 8 | प्री-बीड की बैठक की तिथि | - 15.01.2026 / 16.01.2026 |
| 9 | निविदा की तिथि | - 12.02.2026 |
| 10 | निविदा खोलने की तिथि | - 13.02.2026 |
| 11 | <u>निविदादाता का नाम एवं पता</u> | - |

(1) देव इन्फ्रा कंसट्रक्सन प्रा0 लि0, धनारी, औरंगाबाद (Reg. No.- 1230085, Class-I, BCD)।
(2) शंकर एण्ड कंपनी, रातु रोड राँची (Reg. No.- 1-0077, Class-I, BCD, JH.)।

12 **तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति का मंतव्यः-**

**प्रथम बार आमंत्रित ई-निविदा की कार्यवाहीः-**

दिनांक-23.12.2025 को तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा सर्वसम्मति से निविदा की वैधता (120 दिन) समाप्त हो जाने एवं सभी निविदाकार से निविदा की वैधता बढ़ाने पर सहमति/असहमति पत्र अप्राप्त होने के कारण दर्ज आपत्ति/परिवाद पर विचार किये बिना ही आमंत्रित निविदा को रद्द कर पुनर्निविदा करने का निर्णय लिया गया।

**द्वितीय बार आमंत्रित ई-निविदा (वर्त्तमान) की कार्यवाहीः-**

दिनांक 24.04.2026 को विभागीय निविदा समिति की बैठक मे इस निविदा मे भाग लिए एकमात्र निविदाकार को सफल किया गया था। विभागीय निविदा समिति के निर्णय पर आपत्ति/परिवाद दर्ज करने हेतु विभागीय वेबसाईट पर दिनांक-30.04.2026 के पूर्वाह्न 10:00 बजे तक रखा गया।

निर्धारित समय अवधि में किसी प्रकार की आपत्ति/परिवाद प्राप्त नही हुआ है। तकनीकी बीड में सफल निविदाकार का अनुभव प्रमाण-पत्र का सत्यापन कराया गया, जो सही पाया गया है, तद्दोपरांत वित्तीय बीड खोलकर कर कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, औरंगाबाद के द्वारा भेजा गया है, जो निम्नवत् हैः-

| क्र0 सं0 | संवेदक का नाम | निविदा की राशि | उद्धृत दर (परिमाण विपत्र के दर से) | उद्धृत राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | शंकर एण्ड कंपनी, रातु रोड (Reg. No.- 1-0077, Class-I, BCD, JH.) | ₹12,25,55,896/- | 12.92 % कम | ₹ 10,67,21,674/- |

उपर्युक्त विवरणी से स्पष्ट है कि इस कार्य के लिए न्यूनतम वैध निविदाकार शंकर एण्ड कंपनी, रातु रोड रॉची (Reg. No.- 1-0077, Class-I, BCD, JH.) है।

तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा निविदाकार "शंकर एण्ड कंपनी, रातु रोड रॉची (Reg. No.- 1-0077, Class-I, BCD, JH.)" को परिमाण-विपत्र की दर से 12.92 प्रतिशत कम दर पर अर्थात् ₹10,67,21,674/- (दस करोड़ सड़सठ लाख इक्किस हजार छः सौ चौहत्तर रूपये) मात्र पर कार्य आवंटित करने एवं स्वीकृत्यादेश निर्गत करने हेतु मुख्य अभियंता (द0) को प्राधिकृत करने का अनुशंसा की गयी एवं सहमति प्राप्त करने हेतु विभागीय निविदा समिति के समक्ष रखने का निर्णय लिया गया।

13 **विभागीय निविदा समिति का निर्णयः-**

औरंगाबाद जिलान्तर्गत मदनपुर प्रखंड में प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय भवन के निर्माण कार्य के वित्तीय बीड पर दिनांक-07.05.2026 को तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा की गयी अनुशंसा को अनुमोदित किया जाता है। इस कार्यवाही को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड किया जाय।

अन्त में बैठक सधन्यवाद समाप्त हुई।

| | | | |
|---|---|---|---|
| ह0/- | ह0/- | ह0/- | ह0/- |
| (विकास कुमार पाण्डेय) | (मनोज कुमार सिंह) | (सुरेश प्रसाद प्रभाकर) | (प्रणव कुमार) |
| आंतरिक वित्तीय सलाहकार, भवन निर्माण विभाग, बिहार पटना। | मुख्य अभियंता (द0) भवन निर्माण विभाग, बिहार पटना। | अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त -सह- विशेष सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार पटना। | सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार पटना। |

ज्ञापांक:-भवन/मु0अभि0(द0)यो0-03-65/2025......15235...... पटना/दिनांक.....15/06/26....

**प्रतिलिपिः**- आई0 टी0 मैनेजर, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

15/06/26

मुख्य अभियंता (द0)।

15/06/26

E/N/Block F.P. 5/2026-148